## खबर संक्षेप

### मौत का दरिया बनी अवैध खदान की जांच करेंगे एसडीएम

**रीछुल में पानी में डूब कर जान गंवाने वाली बहनों के परिजनों को 12 लाख की आर्थिक इमदाद मंजूर**

**सतना।** जिले के ग्राम रिछुल में सड़क के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरी 3 बालिकाओं की पानी में डूबने से हुई मृत्यु की घटना की जांच एसडीएम नागोद जितेंद्र वर्मा द्वारा की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डाक्टर सतीश कुमार एस ने दुखद घटना के कारणों की जांच के लिए एसडीएम को तत्काल प्रभाव से विभिन्न बिंदुओं के आधार पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। जांच के बिंदुओं में सड़क निर्माण कंपनी द्वारा क्या मिट्टी निकालने की अनुमति ली गई थी? क्या मिट्टी निकालने के बाद कंपनी द्वारा नियमो एवम शर्तो का पालन किया गया? क्या कंपनी द्वारा काम खत्म करने के बाद गड्ढे को बंद करने,सुरक्षित करने या चेतावनी बोर्ड लगाने की कार्यवाही की गई अथवा नही? आदि बिंदुओं पर कलेक्टर ने जांच प्रतिवेदन तलब किया है। इसके साथ ही परिजनों को आर बी सी के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता राशि भी शीघ्र प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम जितेंद्र वर्मा ने बताया कि बच्चियों की मृत्यु पर परिजनों को अंत्येष्ठि सहायता के रूप में 25 हजार रूपए की तात्कालिक सहायता प्रदान की गई थी। इसके अलावा आर बी सी के तहत पानी में डूबने से हुई मृत्यु पर 4 लाख रुपए प्रत्येक के मान से 12 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की जा रही है।

### बाबा साहब ने दलितों, शिक्षा और सामाजिक सामनता के लिए कार्य किया : चतुर्वेदी

**मैहर।** विधायक कार्यालय में बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि बाबा साहेब इस भारत भूमि की अनमोल धरोहर है जिन्हें सजो के रखना हम सभी का कर्तव्य भी है साथ ही हमारे लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब सामाजिक समरसता समानता और कर्तव्य निष्ठा के प्रतीक है। विश्व के सबसे बड़े संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब को हम सब कोटि कोटि नमन करते है। विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि बाबा साहेब ने सदैव एक ही नारा बुलंद किया कि शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो उनका यह नारा सामाजिक जागरूकता और अपने अधिकारों को कैसे प्राप्त करे इसका मार्ग प्रशस्त किया। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि बाबा साहेब ने देश के लिए ऐसा संविधान तैयार किया जिसमें सभी लोगों को समान अधिकार न्याय और स्वतंत्रता प्राप्त हुई चाहे वह किसी भी जाती धर्म वर्ग संप्रदाय का हो। उन्होंने महिलाओं के अधिकारों,दलितों की शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए अनेकों अविस्मरणीय कार्य किए जिस कारण हम आज भी उन्हें याद करते है और आगे भी युगों युगों तक याद करते रहेंगे।

### मैहर नगर एवं पंचायतों में पानी उपलब्ध कराने विधायक ने किया पानी टेंकरों का वितरण

**मैहर।** मैहर नगर पालिका सहित ग्रामीण अंचल में कई वर्षो से चली आ रही पानी की समस्या को देखकर साथ ही पंचायतों की मांग पर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के द्वारा आज नगर एवं बड़ी पंचायतों को पानी के 45 टेंकर,फायर फाइटर टेंकरों को वितरण विधायक कार्यालय से किया गया।इस अवसर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सोच रही है कि नीचे तबके के लोगों को लाभ दिया जाए। आज जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों में घर घर पानी पहुंचाना सामने सबसे बड़ी समस्या बनी हुई थी जिस पर पार्टी के लोगों के सहयोग से निर्णय लेकर केजेएस सीमेंट फैक्ट्री की अमिलिया खदान में उपलब्ध को पानी को फिल्टर कर पाइप के माध्यम से लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने का कार्य आज प्रारंभ कर दिया गया है। ग्रामीण अचंल में पानी उपलब्ध कराने के लिए विधायक निधि से पंचायतों को टेंकर दिए गए।

# डॉक्टर अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई बसपा-भीम आर्मी ने निकाली रैली, किया नमन





**सतना।**

संविधान निर्माता और समाज सुधारक डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर सोमवार को शहर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सेमरिया चौक पर संविधान निर्माता की प्रतिमा के सामने संविधान की शपथ ली।बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और भीम आर्मी द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा सिविल लाइन चौपाटी से प्रारंभ होकर राजेंद्र नगर,कलेक्ट्रेट रोड,स्टेशन रोड और सर्किट हाउस से होते हुए सेमरिया चौक पर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान कार्यकर्ता 'भारत रत्न डॉ.अंबेडकर अमर रहें' के नारों से गूंजते रहे। यात्रा मार्ग पर लोगों के लिए पानी और शरबत की व्यवस्था भी की गई थी।

### अंबेडकर की प्रतिमा पर माला

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित सामाजिक समरसता कार्यक्रम के अंतर्गत एक विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विवेकानंद सभागार,सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,कृष्णनगर में शाम 5 से 6:30 बजे तक चला। इसमें वक्ताओं ने अंबेडकर के विचारों को वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिक बताते हुए सामाजिक समरसता की आवश्यकता पर बल दिया।

### 13 बंदियों को दी गई रिहाई

इस अवसर पर एक विशेष पहल के तहत केंद्रीय जेल से 6 जिलों के 13 बंदियों को रिहा किया गया। इन बंदियों को समाज में पुनर्स्थापित करने और अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जेल अधीक्षक लीना कोष्टा,महापौर योगेश ताम्रकार समेत जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### भाजपा के 26 मंडलों व 1376 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित

सामाजिक सुधारक,दलित आंदोलन के प्रणेता एवं भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर की जयंती जिलेभर में बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। भारतीय जनता पार्टी के गणेश सिंह,जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय,महापौर योगेश ताम्रकार ने सोमवार को सेमरिया चौक स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उन्हें नमन किया। जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिले के सभी 26मंडलों एवं 1376बूथों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

# जपं मैहर में सबसे बड़ा बीपीएल फर्जीवाड़ा हुआ

### किस दबाव के कारण अधिकारियों के द्वारा जांच ठण्डे बस्ते में डाल दिया गया

**मैहर।** मैहर जिला पंचायत में सभी नियम कायदों को दरकिनार कर काम किया जाता है और शासन को चूना लगाया जाता है। ऐसा मामला सामने आया है जिसमें गरीब लोग एवं बीमार व्यक्ति अपने ईलाज और कूपन पर्ची के लिए गरीबी रेखा की सूची में नाम जुड़वाने के लिए तहसील कार्यालय का सौ बार चक्कर लगाता है और उसके बाद भी उक्त व्यक्ति का गरीबी रेखा में नाम नहीं जुड़ पाता है परन्तु आर्थिक रूप से संपन्न लोगों का नाम गरीबी रेखा में तत्काल जुड़ जाता है। बताया गया है कि बीपीएल में नाम जोड़ने के लिए ग्रामीणजनों के द्वारा तहसीलदार,नायब तहसीलदार को आवेदन देना पड़ता है उसके बाद उक्त अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से हल्का पटवारी/ग्राम पंचायत सचिव से जांच कराते है यदि जांच में 14 अंक व्यक्ति को मिलता है तो तहसीलदार नायब तहसीलदार बीपीएल सूची में नाम जोड़ने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को आदेश दिया जाता है उसके बाद मुख्य कार्यपालन यंत्री के द्वारा ग्राम पंचायत वार बीपीएल की सूची में नाम जोड़ दिया जाता है परन्तु जनपद पंचायत मैहर में तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी बेदमणि मिश्रा एवं बीपीएल प्रभारी दीपक मिश्रा वर्ष 2017-18 में लगातार 2022-23 तक बिना तहसीलदार के आदेश बगैर सीधे तौर पर बीपीएल सूचीं में हजारों नाम जोड़ कर अवैधानिक अवैधानिक रूप से जोड़ें गए तथा गरीबी रेखा के फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए गए। इन फर्जी प्रमाण पत्रों से हितग्राहियों के द्वारा शासन की समस्त योजनाओं का लाभ लेकर शासन को कई करोड़ की आर्थिक




क्षति पहुंचाई गई लेकिन शासन के अधिकारी/ कर्मचारी उक्त क्षति को रोकना नहीं चाहता जिस कारण बीपीएल फर्जीवाड़ा की जांच न कर ठण्डे बस्ते में डाल दी गई है। बताया गया है कि जिला कलेक्टर मैहर के द्वारा जांच समिति का गठन कर मात्र औपचारिकता निभाई गई है। इस संबंध को लेकर जांच समिति को 5-6 स्मरण पत्र भी जारी किए उसके बाद भी जांच समिति के द्वारा जांच नहीं की गई न ही जांच समिति सदस्यों को कारण बताओ नोटिस जारी की गई न ही जांच समिति सदस्यों के विरुद्ध निलंबन का प्रस्ताव कमिश्नर रीवा को भेजा गया। उक्त आरोप शिकायतकर्ता नागेन्द्र तिवारी वार्ड नं.22 तिघरा कला मैहर ने लगाते हुए कहा है कि प्रमाणित शिकायत के बाद भी बीपीएल फर्जीवाड़े की जांच सरकार के द्वारा नहीं कराई जा रही है। इस संबंध को लेकर सवाल उठाए जा रहे है कि शासन के अधिकारी शासन के हित में जांच किस कारण नहीं कर रहे है मकसद क्या है,जिससे संदेह पैदा कर रहे है कि निश्चित रूप से सही जांच हो गई तो मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा बीपीएल घोटाला जनपद पंचायत मैहर का होगा साथ ही दोषी अधिकारी जेल की सलाखों में कैद होंगे।

# गार्ड को कट्टा दिखाकर 300 लीटर डीजल चोरी, कैमरे में कैद हुई वारदात

**सतना।** जिले के बाबूपुर चौकी क्षेत्र में सोमवार तड़के आशियाना रेस्टोरेंट (ढाबा) के पास एक ट्रक से करीब 300 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया। यह वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई,लेकिन पुलिस ने अब तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की है।

चावल लेकर नागौद जा रहा था ट्रक

बिहार के बक्सर जिले का निवासी ट्रक ड्राइवर उमाशंकर यादव चावल लेकर नागौद जा रहा था। सफर के दौरान वह रात को विश्राम के लिए आशियाना ढाबे पर रुक गया और ट्रक को ढाबे के अंदर ही पार्क कर दिया। ड्राइवर के अनुसार,वारदात तड़के करीब 4 बजे हुई, जब वह गाड़ी में ही सो रहा था।

### बदमाशों ने कट्टा दिखाकर गार्ड को डराया

घटना के दौरान एक काली अर्टिगा कार में सवार करीब पांच बदमाश ढाबे पर पहुंचे। चार बदमाश बाहर निकले और एक कार में ही बैठा रहा। इन लोगों ने सबसे पहले ढाबे के गार्ड को कट्टा दिखाकर धमकाया और फिर ट्रक के डीजल टैंक का लॉक तोड़कर करीब 300 लीटर डीजल चुरा लिया। डर के मारे गार्ड कुछ नहीं कर सका।

### नींद खुलने पर ड्राइवर को चोरी का पतला चला



जब सुबह सवा पांच बजे ड्राइवर उमाशंकर की नींद खुली,तब उसे चोरी की जानकारी हुई। वह तत्काल बाबूपुर चौकी पहुंचा और मामले की शिकायत की। हालांकि,ड्राइवर का आरोप है कि पुलिस ने उसका नाम-पता नोट किया,लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई।

### कैमरे से हुई पुष्टि

घटना की पुष्टि एक सीसीटीवी फुटेज से भी हुई है,जिसमें चार बदमाश डीजल टैंक से डीजल निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि पूरी वारदात एक काली रंग की अर्टिगा कार से अंजाम दी गई। फुटेज में साफ नजर आ रहा है कि बदमाश बाल्टी और पाइप की मदद से डीजल भरते हैं और फिर उसे कार में रखकर फरार हो जाते हैं।

### पुलिस कर्मियों के लिए हार्टफुलनेस ध्यान सत्र का आयोजन

**मैहर।** पुलिसकर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं तनावमुक्त जीवन के लिए आईजी प्रशासन श्रीमति रूचि वर्धन मिश्रा के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल की उपस्थिति में हार्टफुलनेस का ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। पुलिस कर्मियों के बेहतर स्वास्थ्य एवं तनावमुक्त जीवन के लिए आज 14 अप्रैल 25 को प्रातः 9.30 बजे से पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में आईजी प्रशासन श्रीमति रूचि वर्धन मिश्रा के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति चंचल नागर,नगर पुलिस अधीक्षक राजीव पाठक एवं एसडीओपी अमरपाटन श्रीमति प्रतिभा शर्मा की उपस्थिति में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर आईजी प्रशासन श्रीमति रूचि वर्धन मिश्रा का अभिवादन किया गया। तत्पश्चात श्रीमति रूचि वर्धन मिश्रा के द्वारा हार्टफुलनेस ध्यान के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि हार्टफुलनेस ध्यान तकनीक कई तरह के फायदे प्रदान करती है। यह तनाव कम करने,ध्यान केंद्रित करने और भावनात्मक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करती है। इससे मन शांत और प्रसन्न होता है। हार्टफुलनेस संस्था से आये प्रशिक्षक अतुल देशमुख के द्वारा मैडिटेशन सत्र में सम्मिलित पुलिस विभाग के अधिकारी ,कर्मचारियों को ध्यान में उतरने की प्रक्रिया सिखायी गई।

# प्रिज्म सीमेंट में अंतरविभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



**सतना।** प्रिज्म सीमेंट,जो प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की एक इकाई है,में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी अंतर विभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेल भावना के साथ अपनी टीम भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिताओं का समापन 10 अप्रैल 2025 को एक भव्य समापन समारोह के साथ हुआ। देवेन्द्र मिश्रा एजीएम सी एसआर एवं जनसंपर्क ने जानकारी देते हुये बताया कि प्रतियोगिता में टीम खेलों जैसे वॉली बॉल, रस्सा कशी,क्रिकेट,बैडमिंटन,कैरम और टेबल टेनिस का आयोजन किया गया।वहीं,व्यक्तिगत प्रतियोगिताओं में शॉटपुट,डिस्कस थ्रो और स्लो साइक्लिंग,100 मीटर व 50 मीटर रेस जैसे रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया। समापन समारोह में मनीष कुमार सिंह,प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड,मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने की।विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष कुमार हिंगर,हेड एकाउण्ट्स एवं अंतर्यामी सामल,हेड पर्सनल एंड आईआर सहित सभी विभागाध्यक्ष,वरिष्ठ अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कर्मचारीगण मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनीष कुमार सिंह,प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड,ने प्रतिभागियों के जोश और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करती हैं,बल्कि आपसी सहयोग और सौहार्द को भी बढ़ावा देती हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मनीष कुमार सिन्हा,सीनियर वाइस प्रेसीडेंट,एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स,ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि प्रिज्म सीमेंट में हमारा सदैव प्रयास रहा है कि कार्यस्थल केवल कार्य का स्थान न होकर,एक ऐसा मंच बने जहाँ हर कर्मचारी को आत्मविकास,स्वास्थ्य और सौहार्द का अवसर मिले। आशीष कुमार हिंगर,हेड एकाउण्ट्स ने कहा कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता ने न केवल हमारे कर्मचारियों की खेल प्रतिभा को उजागर किया है, बल्कि टीम वर्क,अनुशासन और सकारात्मक सोच को भी बढ़ावा दिया है। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिता के विजेताओं और उपविजेताओं को मुख्य अतिथियों द्वारा ट्रॉफी एवं प्राइज प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी विजेताओं का उत्साहपूर्वक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार गौतम,वेलफेयर मैनेजर एवं नीलेश्वर मिश्रा द्वारा किया गया। आयोजन में भूपेन्द्र सिंह ठाकुर,गौरव शुक्ला और सुशील कुमार का विशेष सहयोग रहा।

### मुंडन संस्कार पर बड़ी संख्या में मैहर पहुंचे श्रद्धालु, गाड़ियों का लगा लंबा जाम



**मैहर।** मां शारदा की नगरी जहां प्रतिदिन लाखों की संख्या में दर्शनार्थी आकर माता के दर्शन कर अपनी मनोकामना के पूरा होने की कामना करते हैं। हिदू रीति रिवाज के अनुसार नवजात का मुंडन संस्कार सभी संस्कारों से प्रथम माना जाता है। इस दौरान लोग किसी विशेष धार्मिक स्थलों में जा कर पूरे रीति रिवाज के साथ मुंडन संस्कार करते हैं। आज सोमवार को तिथि के अनुसार मुंडन संस्कार के विशेष दिन माना जाता है जिसको लेकर आज मैहर मां शारदा के दर्शन करने लाखों की संख्या में दर्शनार्थी मैहर पहुंचे। मैहर प्रशासन एवं मंदिर समिति को इस बात का अंदाजा नहीं था कि आज इतनी संख्या में एकाएक लोगों एवं गाड़ियों की भीड़ जमा हो जाएगी। मैहर परिसर की बिगड़ती व्यवस्था को देख प्रशासन एवं मंदिर प्रबंध के पसीने छूट गए। मां शारदा मंदिर परिसर में गाड़ियों का कई किमी तक लंबा जाम लग गया। चिलकती गर्मी और तेज धूप में लोग परेशान होने लगे और लोग अपनी जान जोखिम में डालते हुए लगाए गए बेरीगेट के बीच से निकलने लगे। अव्यवस्था देखते ही प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यवस्था की कमान संभालते हुए गाड़ियों का मंदिर परिसर में प्रवेश पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया। अंदर फंसी गाड़यों को धीरे-धीरे मंदिर परिसर से बाहर पार्किंग में खड़ी की गई।



**खबर संक्षेप**

## कुत्ते द्वारा फैलायी गई गंदगी बनी माहौल बिगड़ने की बजह, सीसीटीव्ही फुटेज से हुआ खुलासा

**पन्ना।** जिले के पवई कस्बा में दिनांक 12.04.2025 को श्री हनुमानजन्मोत्सव कार्यक्रम के उपलक्ष्य मे जगदीश स्वामी मंदिर पवई से शोभायात्रा शाम करीवन 06.30 बजे प्रारंभ हुई जो झण्डा बाजार होते हुए खटीक मोहल्ला पहुंची वहाँ पर निवासरत लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया तभी वहाँ रोड किनारे मुर्गे के चूजे के अपशिष्ट एवं चमड़ी पड़े हुए थे जो शोभायात्रा मे शामिल लोगों के द्वारा देखने पर शोभायात्रा को कुछ समय के रोक दिया गया मौके पर पुलिस टीम एवं राजस्व टीम के अधिकारियों के द्वारा तत्काल ही नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों को बुलवाकर रोड की साफ सफाई की गई एवं पानी से पूरे रोड को धुलवाकर शोभायात्रा को आगे बढ़वाया गया। जनमानस की भावनाओं को देखते हुए पुलिस के द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुचाने तथा माहौल को बिगाड़ने बाले अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपराध दर्ज कर जाँच शुरू की गई। पुलिस के द्वारा घटना स्थल के पास लगे हुए सीसीटीव्ही कैमरे देखे गये जिनमे यह तथ्य सामने आया कि रात्रि करीवन 08.30 बजे के आसपास वहाँ एक कुत्ता के द्वारा अपने मुंह से सड़क किनारे कुछ उगला गया है। जब आसपास के लोगों से बारीकी से अन्य तथ्यों की जानकारी ली गई तो यह पता चला कि रात्रि 08.30 बजे के आसपास कोई भी बाहरी व्यक्ति उस मोहल्ले मे नही आया है और ना ही उस फुटेज मे दिखाई दे रहा है इसके बाद भी घटना के अन्य पहलुओं पर भी बारीकी से जाँच की जा रही है कि यदि किसी व्यक्ति के द्वारा इस प्रकार का धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का कार्य किया गया है तब उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जावेगी । पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की अफवाहों से एवं माहौल को बिगाड़ने बाले लोगों से सतर्क रहकर शांति पूर्ण तरीके से आगामी त्यौहारों को मनाने की अपील की गई है जिससे कि क्षेत्र मे खुशहाल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित रहे।

## ग्राम सभाओं में जल संवर्धन पर संकल्प पारित



**पन्ना।** अजयगढ़ की 38 ग्राम सभाओ में समर्थन ने सीधा पहुच बनाकर ग्राम सभाओ के आयोजन में सहयोग किया जल संरक्षण एवं संवर्धन आज की प्रमुख आवश्यकता है पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। बढ़ते तापमान,सूखे नदी नाले,कुआं,बावली, हैन्डपम्प यही कह रहे है की हम सब मिलकर संपूर्ण तन,मन एवं धन से पानी बचाने एवं संरक्षण का कार्य करे नही तो यह रहीम का दोहा हमें समस्या से रूबरू करा ही रहा है। रहीम का यह दोहा एवं पन्ना के चंदेलकालीन एवं बुन्देलकाली जल धरोहर भी यही संदेश देती है की कभी बुन्देलखण्ड में पानी की समस्या को दूर करने के लिये कार्य किया गया जो आज हमें बचाना चाहिये एवं कार्ययोजना का हिस्सा बनाकर उसका संरक्षण करना चाहिये। जल गंगा संबर्धन अभियान यही संदेश दे रहा की हम सब इस कार्य में लगे। ग्राम सभाओ,जल चौपाल सभी जगह इस पर चर्चा कर पानी की संरख्नाओ को खोजे एवं संरक्षित करे। ग्राम सभा महत्वपूर्ण मंच कृ ग्राम सभा में आज समर्थन के पंचायत मित्र एवं कार्यकर्ता लगभग 38 गांव में सरकार की मंशाअनुसार खेत तलाव,कुआं रिचार्जपिट, अमृतसरोवर, पौधारोपण एवं वीरान पहाड़ियो को हरभरा करने का संकप्ल पारित कराया जिसमें उपस्थिति ग्राम सभा सदस्यो ने सर्वसम्मति से संकल्प का पास कराकर गांव को जल संतृप्त बनाने एवं साफ हराभरा करने का निर्णय पास किया।

# भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती राज्यमंत्री दिलीप सिंह अहिवार के मुख्य आतिथ्य में मनाई गई





### भारत रत्न डॉ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती गुनौर तहसील के सलेहा नया बस स्टैंड में बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई साथ ही मंचीय कार्यक्रम रखा गया।

**पन्ना।**

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री माननीय दिलीप सिंह अहिरवार मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले भारत माता और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई तत्पश्चाप मंच से मुख्य अतिथि का स्वागत गुण और विधायक डॉक्टर राजेश वर्मा के द्वारा किया गया कार्यक्रम की बेला में बारी-बारी से मंच पर बैठे लोगों का भी स्वागत किया गया स्वागत के बाद मंच से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के बारे में अपने विचार व्यक्त किया गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा ने बताया कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था उनके पिता भारतीय से ना में सूबेदार के पद पर कार्यरत थे उन्हें बचपन से ही सामाजिक और आर्थिक भेदभाव का सामना करना पड़ा डॉ राजेश वर्मा ने बताया कि अंबेडकर जी की कहानी सुनते ही आंखों में आंसू आ जाते हैं क्योंकि उन्होंने बचपन से ही संघर्ष किया जब पहली बार वही स्कूल गए तो उन्हें स्कूल के बाहर बिठाया जाता था क्योंकि उसे समय छुआछूत चलती थी सभी बच्चे अंदर क्लास में बैठकर पढ़ते थे और वह बाहर से ही पढ़ाई करते थे इतनी ज्यादा छुआछूत चलती थी कि उन्हें पानी पीने के लिए घर से पानी लेकर आना पड़ता था डॉ अंबेडकर ने अपनी उच्च शिक्षा कोलंबिया विश्वविद्यालय में प्राप्त की जहां उन्होंने अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की उन्होंने लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में भी अध्ययन किया और अर्थशास्त्र में एमएससी और डीएससी की उपाधि प्राप्त की उन्होंने अपने जीवन में कई कठिनाइयों का सामना किया लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने लक्ष को प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किया दलित वर्ग के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी और भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई उन्होंने दलित वर्ग के लिए समानता और न्याय की मांग की और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष किया भारतीय संविधान के निर्माण में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई शिक्षा और सामाजिक सुधार के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया दलित होने के कारण मंदिरों में प्रवेश और तालाबों की घाट पर उन्हें जाने नहीं दिया जाता था जब लंदन में उनकी पढ़ाई पूरी हुई तो वहां के लोगों ने कहा कि आप हमारे यहां पर नौकरी करें तो उन्होंने साफ मना कर दिया और वह वापस आ गए वापस आ गए नौकरी के दौरान लोग उन्हें फाइल फेक कर देते थे कोई उन्हें छुआ नहीं करता था शिक्षा का मूल मंत्र बाबा साहब हमें देखकर गए हैं अगर हमने वह शिक्षा का मूल मंत्र अपने बच्चों को दे दिया तू दुनिया की कोई ताकत नहीं जो हमें झुका ली अगर आज हम और आप संगठित हैं तो सब कुछ कर सकते हैं संघर्ष करें सरकार कंधे से कंधा मिलाकर आज हमारे साथ चल रही है बाद में मध्य प्रदेश सरकार कि राज्य मंत्री माननीय दिलीप सिंह अहिरवार ने कहा कि कांग्रेस कि जब सरकार थी तब तब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि संसद भवन में बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा लगाने के लिए कोई स्थान नहीं है कांग्रेस ने बाबा साहब का कितना अपमान किया हम भूलते नहीं है बाबा साहब देश के दलित के सम्मान और उन्हें आगे बढ़ाने की लड़ाई लड़ रहे थे कार्यक्रम कार्यक्रम में उपस्थित रहे भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा श्रीकांत त्रिपाठी सुशील त्रिपाठी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव मंडल अध्यक्ष सलेहा हरेंद्र त्रिपाठी मंडल अध्यक्ष गुनौर प्रीति पटेल तरुण पाठक मंडल अध्यक्ष ककरहटी दीपक शर्मा सरपंच सलीहा रेखा आदिवासी पूर्व विधायक गुनौर और क्षेत्र की जनता इस मौके पर उपस्थित रहे।



## डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्र्यापण कर श्रृद्धा सुमन किये अर्पित

**पन्ना।** भारत रत्न, संविधान निर्माता बाबा साहब की जयंती के शुभ अवसर पर 14 अप्रैल, 2025 को सिटी कोतवाली के पास अम्बेडकर चौक के यहां प्रातः 10 बजे पूर्व कैबीनेट मंत्री पन्ना विधायक श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह, नपाध्यक्ष श्रीमती मीना पाण्डेय, जिला पचांयत उपाध्यक्ष संतोष यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष कैलाश गुप्ता सहित आशीष तिवारी, दुर्गेश शिवहरे, राजकमल लालवानी, रविराज यादव, मनोज केशरवानी, संजय अहिरवार, राकेश गुप्ता, नरेन्द्र यादव, अल्पेश शर्मा, संगीता राय, पूनम यादव, राजकुमार वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपाजनों ने संविधान निर्माता एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्र्यापण कर उन्हें नमन करते हुये श्रृद्धा सुमन अर्पित किये तथा उपस्थितजनों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाये दीं। इस अवसर पर श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि बाबा साहब के विचार सदैव हमें समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे।



## मझगाँय गांव की वीरान पहाड़ी और गहराता जल संकट

# यहां का मोती सागर तालाब नाले के जल प्रबंधन का श्रेष्ठ उदाहरण







### जलीय लताओं से आच्छादित हो चुके तालाब की होगी साफ-सफाई

**पन्ना।**

प्रकृति और पर्यावरण के साथ बीते डेढ़ दो दशकों में जिस तरह का व्यवहार हुआ है, उसके दुष्परिणाम अब स्पष्ट रूप से दिखने लगे हैं। निहित स्वार्थ की पूर्ति के लिए हमने जंगलों को बेरहमी के साथ उजाडा है, नतीजतन साल दर साल जहां तापमान का पारा बढ़ रहा है, वहीं जल संकट की समस्या भी भयावह हो रही है। हालात ये हैं कि पूरे गांव की प्यास बुझाने वाले कुएं अप्रैल के महीने में ही सूखने लगे हैं। गौरतलब है कि पानी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसीलिए कहा जाता है कि जहां तालाब नहीं, पानी नहीं, वहां गांव नहीं। तालाब हमारे जीवन और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हुआ करते थे। लेकिन मौजूदा दौर में हमने जीवन से जुड़े इस जरूरी हिस्से को अनदेखा करना शुरू कर दिया। परिणाम स्वरुप पहाड़ों की हरियाली गायब हो गई, वीरान हो चुके पहाड़ों पर पानी रुकने के बजाय सीधे बहकर जाने लगा। इसका असर यह हुआ कि गर्मी के शुरुआती महीनों में ही जल संकट दस्तक देने लगता है। शहर हो या गांव गर्मी के मौसम में जल संकट अब सर्वव्यापी हो चुका है। धरती के भीतर संचित जल का भी बेरहमी के साथ दोहन हो रहा है। जिससे पानी का यह संरक्षित कोष भी खाली होने लगा है। डेढ़ दो दशक पूर्व तक जिन गांवों में भरपूर पानी हुआ करता था, कुआं और तालाब कंचन जल से लबरेज रहते थे, वहां भी अब लोग पीने के पानी को मोहताज हो रहे हैं। यहां हम बात करते हैं पन्ना जिले के अजयगढ़ जनपद की ग्राम पंचायत मझगाँय की, जहां अप्रैल के पहले हफ्ते में ही कुआं सूखने लगे हैं। अजयगढ़ से तकरीबन 12 किलोमीटर दूर पहाड़ी की तलहटी पर बसा गांव मझगाँय है, जिसकी आबादी साढे चार हजार है। इस गांव में प्रवेश करने से पहले खूबसूरत मोती सागर तालाब के दर्शन होते हैं। इसी तालाब के पानी से गांव के मवेशियों की जहां प्यास बुझती है, वहीं गांव के 80 फ़ीसदी से भी अधिक लोगों का निस्तार इसी तालाब के पानी से होता है। लेकिन समुचित देखरेख के अभाव में यह तालाब अब जहां जलीय लताओं (कमल) से पूरी तरह आच्छादित हो चुका है, वहीं तालाब में सिल्ट जमा होने से वह उथला हो गया है।

गांव के 70 वर्षीय बुजुर्ग शिवनंदन सिंह बताते हैं कि हमारे गांव के बाजू की पहाड़ी पहले हरी भरी और वनाच्छादित थी। तब बारिश का पानी पहाड़ी में रुकता था, जिससे गांव के कुएं गर्मियों में भी पानी से भरे रहते थे। लेकिन पहाड़ी वीरान होने पर अब बारिश का पानी बह जाता है, जिससे धरती के भीतर के स्रोत गर्मियों में सूख जाते हैं। जल स्तर भी लगातार नीचे खिसक रहा है, फल स्वरुप अब पानी की समस्या गंभीर होने लगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि राजाशाही जमाने में मझगाँय तालाब का निर्माण मोतीलाल सिंह ने कराया था, इसीलिए इसका नाम मोती सागर तालाब पड़ा है। कल्ला सेन बताते हैं कि नाले पर बने इस तालाब में हमेशा पानी रहता है, इसे हमने कभी पूरी तरह सूखते नहीं देखा। अब यह तालाब काफी पुर गया है तथा कमल पूरे तालाब में फैला है। पहले हम लोग इस तालाब में खूब तैरते थे, पानी भी बहुत गहरा और साफ हुआ करता था। लेकिन अब यह गुजरे जमाने की बात हो चुकी है, जो सिर्फ स्मृतियों में है। शिवनंदन सिंह कहते हैं कि यदि तालाब में जमा हो चुकी सिल्ट निकल जाए तो हमारे गांव का यह खूबसूरत तालाब फिर अपने पुराने स्वरूप में आ सकता है।

ग्रामीण अब यह महसूस करने लगे हैं कि तालाब का गहरीकरण करने के साथ-साथ वीरान हो चुकी पहाड़ी को फिर से हरा भरा करना जरूरी है। यदि पहाड़ी में पहले की तरह पेड़ पौधे पनप जायें तो कुओं के सूख चुके जल स्रोत फिर से पुनर्जीवित हो जाएंगे और गर्मियों में पानी की समस्या का सामना ग्राम वासियों को नहीं करना पड़ेगा। पंचायत मित्र धनराज सिंह बताते हैं कि स्वयं सेवी संस्था समर्थन के सहयोग से ग्राम वासियों द्वारा मोती सागर तालाब की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। समर्थन संस्था के ज्ञानेंद्र तिवारी की अगुवाई में यहां जल चौपाल का भी आयोजन हुआ। जिसमें जल संकट सहित गांव की विभिन्न समस्याओं पर गहन चर्चा हुई है।

ज्ञानेंद्र तिवारी बताते हैं कि नाले के जल प्रबंधन का मझगाँय का मोती सागर तालाब एक श्रेष्ठ उदाहरण है। आपने बताया की मझगाँय गांव में 6 कुंआ हैं जो 40 से 50 फीट गहरे हैं। लेकिन मौजूदा समय इन कुओं में पानी सिर्फ पेंदी पर बचा है। कुछ लोग कुओं से पानी मोटर लगाकर खींचते हैं, जिससे पेंदी का पानी भी खत्म हो जाता है। श्री तिवारी बताते हैं कि गांव के 80 फ़ीसदी लोग कुओं का पानी ही पेयजल के लिए उपयोग करते हैं, जबकि 20 फीसदी लोग हैंडपंप से पानी लेते हैं। स्वयं सेवी संस्था समर्थन की पहल से ग्रामीण अब तालाब में फ़ैल चुकी जलीय लताओं को निकाल रहे हैं। समर्थन संस्था की पहल व जल चौपाल लगाने का असर यह हुआ कि पंचायत ने प्रस्ताव पारित कर गांव के पांच कुओं की सफाई व गहरीकरण करने का निर्णय लिया है। यह कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा ताकि ग्राम वासियों को आगामी मई के महीने में पेयजल के लिए भटकना न पड़े। ग्रामीणों का कहना है कि कुओं का गहरीकरण व सफाई का काम हो गया तो कुओं में पर्याप्त पानी आने लगेगा। पंचायत ने वीरान हो चुकी पहाड़ी को संरक्षित कर उसे फिर से हरा भरा व वनाच्छादित करने का भी फैसला लिया है। यदि सचमुच में ऐसा हुआ, तो एक बार फिर से मझगाँय गांव में पुराने खुशहाली वाले दिन लौट आएंगे।

## अपराधियों की धर पकड़ जारी, थाना प्रभारी की कार्यवाही से मचा हड़कंप



**अमानगंज।** पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे एक स्थाई वारंटी को मुखबिर की सूचना पर को गिरफ्तार किया है। पन्ना पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, में अति. पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में अमानगंज थाना प्रभारी श्रीमती माधवी अग्निहोत्री द्वारा क्षेत्र में लगातार अभियान चलाकर और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर स्थाई/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ की जा रही है।माननीय न्यायालय पन्ना की प्रकरण क्रमांक 827/18 धारा 25 आर्मस एक्ट में 7 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गेंद प्रसाद पिता नारायण चक्रवर्ती उम्र 26 साल निवासी रसोंटा थाना हटा जिला दमोह ओम अकबर की सूचना पर दविस दी गई जो वारंटी को पिपरवाह बायपास से 13.04.2025 को अमानगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है, उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक माधवी अग्निहोत्री प्रधान आरक्षण शिवम शर्मा, मुकेश सोनी, आरक्षक सतीश, द्वारका प्रसाद, लखन पटेल, सहित स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## भागवत जीव को अभय बना देती है-कथा व्यास श्री पाठक



**पन्ना।** परिवार के खुशहाल जीवन के उपलक्ष्य पर सात दिवसीय संगीतमय भागवत कथा का शुभारंभ गुरुवार को कस्बे के श्री जुगुल किशोर जी मंदिर में भागवत कथा आयोजित किया गया। कथा वाचक प. राम दुलारे पाठक ने पहले दिन भागवत कथा का महत्व बताते हुए कहा कि मृत्यु को जानने से मृत्यु का भय मन से मिट जाता है, जिस प्रकार परीक्षित ने भागवत कथा का श्रवण कर अभय को प्राप्त किया, वैसे ही भागवत जीव को अभय बना देती है। कथा व्यास श्री पाठक ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा परमात्मा का अक्षर स्वरूप है। यह परमहंसों की संहिता है, भागवत कथा हृदय को जागृत कर मुक्ति का मार्ग दिखाता है, इसके श्रवण का महत्व है। भागवत कथा भगवान के प्रति अनुराग उत्पन्न करती है। यह ग्रंथ वेद, उपनिषद का सार रूपी फल है। यह कथा रूपी अमृत देवताओं को भी दुर्लभ है। कथा की मुख्य श्रोता श्रीमती सरिला व्यास है। आशीष व्यास ,वलराम व्यास एवं बड़ा बाजार व्यास परिवार ने समस्त भगवत कथा प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## चक्रवर्ती अशोक सम्राट की शोभायात्रा का किया गया आयोजन

# महात्मा फुले एवं सावित्री बाई फुले के व्यक्तित्व से सीख लेनी की जरुरत

### सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा विधायक सतना

**देवेन्द्रनगर।**





पन्ना जिले के देवेंद्रनगर मे कुशवाहा युवा समाज एवं समता परिषद देवेंद्रनगर के द्वारा अशोक सम्राट एवं महात्मा फुले जी की जयंती के अवसर पर अशोक सम्राट की शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमे अशोक सम्राट की प्रतिमा को नगर के ग़ल्ला मंडी से रैली निकलकर बस स्टैंड होते हुए पन्ना रोड, सतना रोड होकर समदड़िया मैदान पहुंची जिस रैली मे लगभग तीन हजार लोगो की लम्बी रैली रही है। रैली पश्चात समदड़ियां मैदान पर सिद्धार्थ सुखलाल कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमे सिद्धार्थ कुशवाहा सहित सभी विशिष्ट अतिथियों के द्वारा अशोक सम्राट एवं ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा पर पुष्प मालाओ को अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।जिसमे विशिष्ट अतिथि के रूप मे गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा, सतना जिला पंचायत सदस्य श्री मती संध्या कुशवाहा, देवेंद्रनगर नगर परिषद अध्यक्ष श्री मती शिवांगी ललित गुप्ता, पूर्व विधायक महेंद्र बागरी, पूर्व प्रत्याशी जीवनलाल सिद्धार्थ, पूर्व मण्डल अध्यक्ष ललित गुप्ता, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता, जनपद पंचायत पन्ना के उपाध्यक्ष श्री संतोष यादब, प्रहलाद यादव, बबलू कुशवाहा,आनंद शुक्ला, उमेश शर्मा सहित कुशवाहा समता परिषद से डॉ देवेंद्र कुशवाहा, मूलचंद्र कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा, गौरीशंकर कुशवाहा,अशोक कुशवाहा, अवधराज कुशवाहा, रविकुमार कुशवाहा, रूपचंद कुशवाहा, भगवतदीन कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, रामबाबू कुशवाहा, आशीष कुशवाहा, राजू कुशवाहा सुरेश कुशवाहा, ,रामस्वरूप कुशवाहा, सुरेश कुमार,महिपाल कुशवाहा,गढ़ीपडरिया, बड़ागांव, कोढ़न पुरवा, रानीपुरा, रंजोरपुरा, बिरवाही, गुखौर, सहित सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे साथ हमारे बीच सम्मानित भंते गण भी अपनी सिरकत दी।साथ ही देवेंद्रनगर के पत्रकार साथी भी अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का सफल संचालन अजीत कुशवाहा एवं मनोज कुशवाहा के मुखारविन्द से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका उपाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा जी ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम की अंतिम बेला पर पहुँचाया।

## खबर संक्षेप



### एनसीएल परिवार ने भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर किया नमन

**सिगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफ़ील्ड्स लिमिटेड के मुख्यालय में सोमवार को भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई। देश के महान न्यायविद, शिक्षाविद, समाज सुधारक, एवं स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब को एनसीएल परिवार ने उनकी जन्मजयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कंपनी के निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह, जेसीसी सदस्य सीएमएस से श्री अजय कुमार, आरसीएसएस से श्री लाल पुष्पराज सिंह, बीएमएस से श्री श्यामधर दुबे, एचएमएस से श्री अशोक पांडे, सीएमओएआई प्रतिनिधि श्री सर्वेश सिंह, , सिस्टा पदाधिकारी सहित अन्य महाप्रबंधक/ विभागाध्यक्षगण एवं अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे व बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी ।इस अवसर पर बाबा साहेब द्वारा बताये गये मूल्यों को याद कर उन्हें अपने दैनिक जीवन में लागू करने का संकल्प लिया गया।एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी भारतरत्न बाबा साहेब डॉ॰ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया एवं अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

### कलेक्टर ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया नमन





**सिगरौली।** कलेक्टर चंद्र शेखर शुक्ला ने ग्राम पंचायत कोयल खूथ में आयोजित कार्यक्रम में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष की अनुपम मिसाल रहा है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है।उन्होंने बाबा साहब के विचारों को युगप्रेरक बताते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम उनके आदर्शों पर चलें, और एक समावेशी, समतामूलक और न्यायप्रिय समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह नागेश सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### अस्पताल में नहीं मिले डॉक्टर, डिलेवरी के लिए प्रसूता हुई परेशान

भगवां। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भगवाँ में एक बार फिर लापरवाही का मामला सामने आया है। दरअसल रविवार की रात करीब 8 बजे रमजान खान, निवासी भगवाँ, अपनी गर्भवती पत्नी मुनाफा खान को डिलेवरी के लिए अस्पताल लेकर पहुँचे, लेकिन वहाँ कोई डॉक्टर या नर्सिंग स्टाफ मौजूद नहीं था। परिजनों ने बताया कि वे घंटों अस्पताल में इंतज़ार करते रहे, लेकिन कोई डॉक्टर या स्टाफ नहीं आया। इस दौरान महिला की तबीयत बिगड़ती रही, जिससे परिजन घबराए और परेशान हो गए। रमजान खान ने इस लापरवाही पर प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पहली बार नहीं है, जब अस्पताल में डॉक्टरों की गैरमौजूदगी देखने को मिली हो।

# बाबा साहेब के विचारों से गूंजा छतरपुर, रैलियों और कार्यक्रमों से दिखा उत्साह

**छतरपुर। सोमवार को जिले में डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर उत्साह और श्रद्धा का अनूठा नजारा देखने को मिला। जिले भर में जगह-जगह रैलियां, संगोष्ठियों और श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया। आमजन, सामाजिक संगठन और राजनीतिक दलों ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।**





### राज्य मंत्री और विधायक ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने पन्ना नाका स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी, बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चल रही है। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा बूथ स्तर से लेकर जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में विधायक ललिता यादव, जिलाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह सहित भाजपा के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### आईएमए ने लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) द्वारा केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक के मार्गदर्शन में निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिविल लाइन थाने के पास रहने वाले घुमक्कड़ जाति के लोगों सहित करीब 80 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह गुड्डू, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर. पी. गुप्ता, आईएमए अध्यक्ष डॉ. गायत्री नामदेव, सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे और भालचंद नातू द्वारा डॉ. अंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए संयुक्त रूप से किया गया। शिविर में आईएमए सचिव डॉ. ऋषि द्विवेदी, उपाध्यक्ष डॉ. सुरेखा खरे, उपसचिव डॉ. अंकुर खरे, डॉ. रवि सोनी, डॉ. गौरव अग्रवाल, डॉ. राहुल परमार, डॉ. मुकेश दांगी, जितेंद्र घोष, रामनरेश प्यासी, हर्ष राजपूत, निलेश मोरी, आशीष समेत अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### शहर में निकली भव्य रैली



संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पर शाम को छतरपुर शहर में भव्य रैली का आयोजन किया गया। यह रैली महोबा रोड छात्रावास से प्रारंभ होकर बस स्टैंड, चौक बाजार, छत्रसाल चौराहा होते हुए पुराना पन्ना नाका स्थित अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष संपन्न हुई। रैली के दौरान बड़ी संख्या में लोग झूमते-नाचते हुए शामिल हुए और बाबा साहेब अम्बेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। रैली के समापन के उपरांत अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि सभा एवं कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें सामाजिक समरसता और संविधान की मूल भावना पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला।

### कांग्रेस ने अंबेडकर के विचारों को किया याद

अंबेडकर जयंती पर जिल कांग्रेस कार्यालय में भी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कार्यालय और पन्ना नाका तिराहे पर स्थापित अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई, साथ ही कांग्रेसी नेताओं ने अंबेडकर के विचारों, संविधान निर्माण में योगदान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को याद करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महाप्रसाद पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष अनीश खान, प्रवक्ता संतोष तिवारी, सेवादल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह परमार, नरेश पटेल, आईटी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपांशु यादव, बृज किशोर पांडे, ब्लॉक अध्यक्ष महेवा शिवम दुबे, अभिलाषा अहिरवार, जानकी कुशवाहा, शिव सिंह यादव, हरनारायण यादव, विशाल शर्मा, राकेश अहिरवार, बाबू खान, रवि शंकर अहिरवार, सुरेंद्र मिश्रा, शिवम तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### खजुराहो में भाजपा ने सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा खजुराहो मंडल द्वारा राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया



के मार्गदर्शन में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद भारती द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान मंच पर कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी ने बाबा साहब को सर्व समाज का नेता बताते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने नगर के सफाई कर्मचारियों पर पुष्पवर्षा कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में नगर परिषद उपाध्यक्ष बिट्टी बाई पाल, जनप्रतिनिधि आशाराम पाल, रविंद्र पाठक, टीकाराम पाल, मनमोहन रैकवार, पप्पू पाल, बृजगोपाल अवस्थी, रामेश्वर अहिरवार, खिलेया अहिरवार, मजदूर संघ से वीरेंद्र सीगौत, तथा सफाई कर्मचारी वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

### बक्सवाहा में अंबेडकर प्रतिमा स्थापना में देरी के खिलाफ रोड जाम, सामाजिक संगठनों ने जताया आक्रोश

**बक्सवाहा।** छतरपुर जिले के बक्सवाहा में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापना में तीन साल की देरी के खिलाफ सामाजिक संगठनों ने रविवार को दमोह-छतरपुर मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। अहिरवार समाज संघ के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष रामकिशोर अहिरवार ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से बाबा साहब की प्रतिमा नगर परिषद परिसर में कपड़े से ढकी रखी हुई है, जो महापुरुष का अपमान है।रामकिशोर अहिरवार ने कहा कि दो साल पहले नगर परिषद ने प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन किया था, जिसमें तत्कालीन विधायक कुंवर प्रद्युमन सिंह सहित कई संगठन शामिल थे। टेंडर और कार्य आदेश के बाद काम शुरू हुआ, लेकिन बीच में ही रोक दिया गया। इसके बाद नगर परिषद ने प्रतिमा को बक्सवाहा से बाहर स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, जिसका परिषद के सात सदस्यों और सामाजिक संगठनों ने कड़ा विरोध किया। संगठनों का कहना है कि राष्ट्रनायक की प्रतिमा को गांव के बाहर स्थापित करना गलत है। उन्होंने मांग की कि प्रतिमा बस स्टैंड परिसर में स्थापित की जाए, जहां पहले प्रस्तावित थी।प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर 22 अप्रैल तक प्रतिमा बस स्टैंड परिसर में स्थापित नहीं की गई, तो 23 अप्रैल से निर्जल अनशन शुरू किया जाएगा। चक्का जाम में अहिरवार समाज संघ के रामकिशोर अहिरवार, कुंजी लक्ष्मण अहिरवार, रामेश्वर, हरिश्चंद्र, पवन, सोवन, सचिन, सुभाष सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।सामाजिक संगठनों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है और कहा कि डॉ. अंबेडकर जैसे महापुरुष की प्रतिमा का इस तरह अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि मामले की जांच कर उचित कदम उठाए जाएंगे।

# युवा चला रहे सकोरा अभियान, पक्षियों के लिए की जा रही जल की व्यवस्था



**छतरपुर।** सामाजिक सेवा में सतत सक्रिय युवा शक्ति संगठन द्वारा गर्मियों की शुरुआत के साथ ही सकोरा अभियान चलाया जा रहा है। संगठन के स्वयंसेवकों ने पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करते हुए छतरपुर सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सकोरे रखवाए हैं। यह अभियान छतरपुर के अलावा जिले के महाराजपुर, पिपट, पनागर, गंज सिजारी आदि स्थानों पर भी संचालित किया जा रहा है। स्वयंसेवक, पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने हेतु सार्वजनिक स्थलों पर सकोरे रखवा रहे हैं। अभियान में युवा शक्ति संगठन से रोहित चौरसिया, अस्मिता चौरसिया, कृष्णकांत चौरसिया, लल्ला कीरत सिंह चौरसिया, संदीप, कृष्णा अग्रवाल, अवधेश पाल, राहुल चौरसिया, छोटू प्रजापति, शिवा, सचिन, राजेंद्र विश्वकर्मा, अमर आदि शामिल है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने गर्मियों के पूरे मौसम में निरंतर जल आपूर्ति बनाए रखने का संकल्प लिया है, जिसमें न केवल युवा बल्कि स्थानीय बुजुर्ग और आम नागरिक भी बढ़-चढ़कर सहयोग कर रहे हैं।

# तुअर फसल उपार्जन के लिए किसान 20 अप्रैल तक कराएं पंजीयन

### जिले में 20 पंजीयन केंद्र किए निर्धारित

**छतरपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में तुअर फसल के उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन ई-पोर्टल पर 20 अप्रैल 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए जिले में 20 पंजीयन स्थल निर्धारित किये गये है। जहां पर किसान अपना पंजीयन करा सकते है।

*उपसंचालक कृषि के.के. वैद्य ने बताया कि जिले में तुअर फसल उपार्जन के लिए किसान छतरपुर तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बगौता, बिजावर तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति नयाताल (मंडी परिसर बिजावर) सेवा सहकारी समिति खैराकलां, (पैक्स देवरा) सेवा सहकारी समिति शाहगढ़, सेवा सहकारी समिति किशनगढ़, सेवा सहकारी समिति लखनगुवां तथा तहसील बकस्वाहा के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति बकस्वाहा, सेवा सहकारी समिति सुनवाहा, सेवा सहकारी समिति दरगुआं, सेवा सहकारी समिति गढीसेमरा, सेवा सहकारी समिति सेडारा, और बड़ामलहरा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति दिकौली (मंडी परिसर बडामलहरा), सेवा सहकारी समिति मेलवार, चंदला तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति पचवारा (मंडी परिसर चंदला), सेवा सहकारी समिति बछौन, गौरिहार तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति खड्?डी, सेवा सहकारी समिति सरबई, घुवारा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति धुवारा, तहसील लवकुशनगर के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति कटहरा (मंडी परिसर लवकुशनगर) तथा नौगांव तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी समिति लहेरापुरवा (मंडी परिसर नौगांव) निर्धारित किये गये है। इसके अतिरिक्त किसान ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र व एम.पी.किसान एप के माध्यम से निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अलावा किसान एम.पी. ऑनलाइन, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में जाकर सशुल्क पंजीयन करा सकते है।*

# फेस्टिवल को नई ऊँचाइयों तक ले गया नाटक जस की तस

### बुंदेली स्वांग से हुआ थिएटर फेस्टिवल का समापन



**छतरपुर।** बुंदेली के गीतों की चाशनी में डूबा स्वांग जस की तस छतरपुर थिएटर फेस्टिवल को एक नई ऊँचाइयों तक पहुँचा गया। ठाकुर साहब के कारनामे, उनकी सनक, जनता के हास्य-व्यंग्य में लिपटे चुटीले संवाद, दादी अम्मा के उलाहने आदि डेढ़ घंटे तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किए रहे और बार-बार ठहाके लगाने पर मजबूर करते रहे। नाटक की समाप्ति पर दर्शकों ने स्टैंडिंग ओवेशन देकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

ज़िला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, जिला प्रशासन छतरपुर द्वारा आयोजित तीसरे तीन दिवसीय छतरपुर थिएटर फेस्टिवल का शुभारंभ मुख्य अतिथि सदर विधायक ललिता यादव द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। उनके साथ भाजपा जिला उपाध्यक्ष मोनू यादव, सिंध सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष लालचंद लालवानी, सिंधी समाज के अध्यक्ष श्याम आडवाणी, संजय शर्मा, शंकर सोनी आदि भी मौजूद रहे। नाटक शुरू होने से पहले पूर्वरंग में शहर के प्रसिद्ध शायर और गज़लकार द्वय अमिल हबीबी और वीरेंद्र खरे अकेला ने अपनी रचनाओं का पाठ किया।




### यह थी नाटक की कहानी

इस नाटक के पीछे मूल कहानी प्रसिद्ध नाटककार विजयदान देथा की ठाकुर का रूठना है जिसे नाटक के निर्देशक और मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के पूर्व छात्र अक्षय सिंह ठाकुर ने स्वांग शैली में पिरोकर एक अलहदा स्वरूप प्रदान किया और अपनी टीम की मेहनत और संयोजन से प्रसिद्ध मेटा पुरस्कार प्राप्त किया। कहानी में ठाकुर अपने बेसिरपैर के निर्णयों से जनता को परेशान करता है। एक बार तो हद ही हो गई जब उसने कहा कि बचपन में उसने प्यासे कौए की कहानी सुनी थी कि सुराही में पानी कम होने पर वह कंकड़ डालकर पानी ऊपर ले आता है और प्यास बुझा लेता है। इसलिए उससे प्रेरणा लेकर वो गांव वालों को आदेश देता है कि गांव के सारे कुएं रेत से पाट दिए जाएं जिससे पानी ऊपर आ जाएगा और लोगों को खेत में पानी मिल सकेगा। जनता घबराकर ठाकुर की मां जी के पास जाती है। मां जी की फटकार पर ठाकुर गांव छोड़ देता है। सब विरह में व्याकुल होकर निर्णय लेते हैं कि पास के गांव के चौधरी को ठाकुर को वापस लाने की जिम्मेदारी सौंपी जाए। चौधरी गलतबयानी करके ठाकुर को परेशान कर देता है और ठाकुर वापस लौटता है तो देखता है कि उससे झूठ बोला गया कि उसका बेटा, पत्नी, मां जी, उसकी प्यारी घोड़ी और कुतिया मर गए हैं जबकि वे सब ज़िंदा थे। वह ये सब नज़ारा देखकर खुश हो जाता है और इसी खुशी में एक बार फिर गांव के सारे कुएं रेत से पाटने का आदेश जारी कर देता है। इस स्वांग में बुंदेली की धुनों में संवादों को पिरोया गया था। मधुर गायकी और संगीत ने नाटक में चार चांद लगा दिए।

शंखनाद नाट्य मंच की अध्यक्ष अंजली शुक्ला ने बताया कि फेस्टिवल के समापन पर निर्देशक अक्षय सिंह ठाकुर को अतिथियों ने सम्मानित किया तो वहीं शंखनाद के सभी कलाकारों का भी संयोजन में भूमिका निभाने के लिए स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी नपा सीएमओ माधुरी शर्मा ने सभी अतिथियों और कलाकारों का आभार व्यक्त किया।

# हथियार और शराब के साथ पकड़ा गया बदमाश



**छतरपुर।** जिले में अवैध हथियार व मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जुझारनगर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए ग्राम खेरा से 315 बोर का देशी कट्टा, कारतूस और अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

जुझारनगर थाना प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिली कि ग्राम खेरा में एक व्यक्ति अवैध हथियार लिए हुए है, जिसके बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। संदेही ने भागने की कोशिश की लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी कमलेश उर्फ कमलू साहू पिता शिवराम साहू के पास से 315 बोर का कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। साथ ही खेत की तलाशी लेने पर करीब 15 लीटर देशी और कच्ची शराब जब्त की गई तथा 21 डिब्बों में रखी महुआ की लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी कमलेश साहू पूर्व में भी अवैध हथियार, शराब और मारपीट जैसे 7 आपराधिक मामलों में लिप्त रह चुका है। इस कार्यवाही के तहत आरोपी पर आयुध अधिनियम व आबकारी अधिनियम के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### 263 वारटिंयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रीवा** । वारण्टियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आईजी गौरव राजपूत के निर्देशन पर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में एक दिन में 263 वारण्ट तामील कराकर वैधाधिक कार्रवाई की गई। इनमें 81 स्थायी वारंटी शामिल थे। गोविंदगढ़ और सिटी कोतवाली पुलिस ने सबसे ज्यादा वारंटियों को पकड़ा। सोहागी पुलिस ने शातिर बदमाश अखंड प्रताप पटेल को गिरफ्तार किया, जो मारपीट के मामले में फरार बा और उस पर 15 मामले दर्ज थे, बिछिया पुलिस ने स्थायी वारंटी रोहित सौंधिया को पकड़ा, जो हत्या के प्रयास के मामले में फरार था। इस अभियान का निर्देश आईजी गौरव राजपूत ने दिया था, और एसपी विवेक सिंह ने सभी थानों की टीम बनाई थी। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर दिया गया। 263 वारंटियों को पकड़ा गया है। सभी को न्यायालय में पेश किया गया है, जिनमें 90 फीसदी को न्यायालय ने जेल भेज दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ शातिर अपराधी भी मिले हैं जिनका न्यायालय से वारंट था।

### सेमरिया में मनाई गई अंबेडकर जयंती

**रीवा।** सेमरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बधरा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सेमरिया के विधायक अभय मिश्रा और पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने एक साथ सहभागिता कर कार्यक्रम को और भी गरिमामय बनाया। ग्रामवासियों के साथ मिलकर दोनों नेताओं ने बाबासाहेब अंबेडकर के विचारों और उनके योगदान को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत बधरा गांव में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि के साथ हुई। विधायक अभय मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा, ₹बाबासाहेब अंबेडकर ने समानता और न्याय का जो संदेश दिया, वह आज भी हमें प्रेरित करता है। उनके संविधान ने भारत को एक मजबूत नींव दी, और हमें उनके दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में भेदभाव को खत्म करना होगा। पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने भी ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा अंबेडकर जी का जीवन संघर्ष और समर्पण की मिसाल है। हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज के हर वर्ग को सम्मान और अवसर प्रदान करने के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने ग्राम बधरा के लोगों की एकजुटता की सराहना की और सामाजिक समरसता पर जोर दिया। ग्रामवासियों ने इस अवसर पर बाबासाहेब के विचारों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।



### सेना के जवानों ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

# शहीद हुए सेना के जवान का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

## राजकीय सम्मान के साथ गृह गांव मढ़ी खुर्द में किया गया अंतिम संस्कार





**रीवा** । भारतीय सेना में सेवाएं देने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त अजय विश्वकर्मा का इलाज के दौरान निधन होने पर पार्थिव शरीर रविवार को गृह ग्राम मढ़ी खुर्द लाया गया। विंध्य माटी के लाल अजय विश्वकर्मा का अंतिम संस्कार पूरे सैनिक सम्मान के साथ किया गया। मनगवां तहसील में अन्तर्विष्ट ग्राम मढ़ी खुर्द निवासी अजय विश्वकर्मा भारतीय सेना की 119 एसाल्ट इंजीनियर रेजीमेंट में पदस्थ थे जो 11 अप्रैल को सैन्य अभ्यास दौरान गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। जिन्हें रुड़की स्थित भर्ती कराया गया था। लेकिन उनकी अस्पताल में जान नहीं बच पाई।रविवार को सैन्य वाहन से पार्थिव शरीर गृह ग्राम पहुंचा, जहां हजारों की भीड़ मौजूद रही। शहीद के सम्मान में भीड़ द्वारा भारतमाता की जय, वंदे मातरम और शहीद अजय विश्वकर्मा अमर रहे, के नारे लगाए गये। सेना के सूबेदार सत्यनारायण शर्मा के नेतृत्व में उपस्थित सैन्य टुकड़ी द्वारा शहीद के सम्मान में गॉर्ड ऑफ ऑनर दिया गया। अंत्येष्टि कार्यक्रम में मनगवां विधायक इंजी. नरेन्द्र प्रजापति, एसडीएम पी. एस. त्रिपाठी, तहसीलदार सुमित गुप्ता, थाना प्रभारी मनगवां वर्षा सोनकर सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। शहीद के पिता सतेन्द्र विश्वकर्मा कृषक तथा माता श्रीमती कुसुम देवी विश्वकर्मा गृहणी हैं। बड़े बेटे अरविंद विश्वकर्मा भी आर्मी के जवान है और वर्तमान मे वह रांची मे पदस्थ है दूसरे और छोटे बेटे अजय विश्वकर्मा भारतीय सेना की 119 एसाल्ट इंजीनियर रेजीमेंट में कार्यरत थे, मिली जानकारी अनुसार अजय विश्वकर्मा की पोस्टिंग पटियाला में थी जो इन दिनों सैन्य अभ्यास के लिए रुड़की गये हुए थे। इसी दौरान उनका टैंक जिसमें 3 लोग सवार थे, जो एक पानी गड्ढे में गिर गया, जिससे सभी घायल हो गये थे। अजय विश्वकर्मा के साथ एक अन्य जवान भी शहीद हुआ है जो मूलतः उत्तरप्रदेश का निवासी था।

### सैन्य सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

हादसे कें बाद तत्काल उन्हें रूड़की के आर्मी अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां पर उपचार के दौरान 12 अप्रैल को वह शहीद हो गए. घटना की सूचना शहीद के परिजनों को दीं है जिसके बाद अपने लाल को खोकर परिजनों का बुरा हाल हो गया और गांव मे मातम पसर गया. 13 अप्रैल को सेना के अधिकारी शहीद अजय विश्वकर्मा का पार्थिव शरीर लेकर मनगवां के मढीखुर्द गांव पहुंचें. जहां लोगो ने नम आँखों से शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की जिसके बाद सूबेदार सत्यानारायण शर्मा के नेतृत्व में सेना के एक दल के द्वारा सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई जिसके बाद शहीद अजय विश्वकर्मा का अंतिम संस्कार किया गया.

### शासन से एक करोड़ की मांग

सैनिक अजय विश्वकर्मा की शहादत पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए जिला पंचायत सदस्य के. डी. शुक्ला ने शासन से शहीद के परिजनों को एक करोड़ की राशि प्रदाय किये जाने की मांग की है। उन्होंने मनगवां क्षेत्र के एक शासकीय विद्यालय का नाम शहीद अजय विश्वकर्मा के नाम से किये जाने की मांग मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन से की है।

# नगर निगम के भवनों में शराब दुकानों की अनुमति नहीं




**कार्रवाई के बाद ठेकेदारों की बढ़ेंगी मुश्किलें**

**रीवा।** शहर के कई स्थानों पर नगर निगम के भवनों में शराब की दुकाने संचालित की जा रही है। इस पर परिषद ने भी अपना निर्णय दिया है। इसके बाद अब कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। सिरमौर चौराहे पर कई वर्षों से जिस दुकान में शराब की दुकान संचालित हो रही है, उसका आवंटन पट्टा ही निगम ने निरस्त कर दिया है। अब यह दुकान नगर निगम के स्वयं के अधिपत्य में जाएगी। इस आदेश में निगम आयुक्त ने कहा है कि सिरमौर चौराहे में जहां पर शराब दुकान संचालित हो रही है, वहां पर कई डाक्टर्स के क्लीनिक और जांच केन्द्र है। साथ ही वहीं से छात्रों एवं अन्य लोगों की आवाजाही होती है। यह दुकान अनिल सिंह को शोरूम खोलने के लिए 30 वर्षीय लीज पर आवंटित की गई थी। नगर निगम से अनुमति लिए बिना उक्त दुकान को शराब दुकान के लिए किराए पर दे दिया गया। साथ ही तोडफ़ोड़ कर स्वरूप भी बदला गया है। शर्तों का उल्लंघन करने पर उक्त दुकान का आवंटन निरस्त कर पट्टा रद्द कर दिया है तथा 15 दिन में शोरूम रिक्त कर उसका आधिपत्य नगर निगम रीवा को सौंपने के लिए कहा है। इसी तरह उक्त दुकान के पास ही लक्ष्मीचन्द्र अवधिया को शोरूम आवंटित किया गया था। जिस पर उन्होंने भी शराब दुकान संचालित करने किराए पर दे दिया है। साथ ही एसबीआई के एटीएम के लिए शोरूम में पार्टीशन कराकर किराए पर दे दिया है। आवंटन निरस्त करने नोटिस दिया है।

# अम्बेडकर जयंती पर केंद्रीय जेल से अजीवन कारावास के तीन कैदा हुए रिहा

## कैदियों ने कहा जेल से जाने के बाद घर परिवार के साथ भाई चारे से करेंगे जीवन यापन



**रीवा।** मध्य प्रदेश जेल विभाग भोपाल के आदेशानुसार डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर दी गई सजा में छूट का लाभ पाकर केंद्रीय जेल रीवा से अजीवन कारावास के तीन कैदियों को रिहा किया गया। इस छूट का लाभ पाने वाले कैदी दो सगे भाई मंगलू बैगा एवं जयलाल पिता भोला बैग निवासी कुठली जिला शहडोल और शंकर उर्फ रोशन कोल पिता प्रेमलाल जिला रीवा हैं। वहीं केंद्रीय जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने बताया कि अंबेडकर जयंती के अवसर पर अजीवन कारावास की सजा काट रहे तीन पुरुष कैदियों के रिहाई का प्रस्ताव राज्य शासन को भेज गया था जो मंजूर कर लिया गया और आज इन कैदियों को रिहा किया जा रहा है। ये सभी कैदी 14 साल सूखे और 6 साल की माफी मिलकर 20 वर्ष पूरे कर लिए हैं। जेल में रहने के दौरान इनको जो प्रशिक्षण दिया गया उसके अनुसार ये अपने परिवार के साथ खुशहाली के साथ आगे का जीवन निर्वहन करेंगे।

# ग्राम पंचायत बर्रोंहा में भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती पर किया गया नमन

**मऊगंज।** ग्राम पंचायत बर्रोंहा जनपद पंचायत नईगढी मे डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गई जिसके मुख्य अतिथि असिस्टेंट, काउंसलर (आरोह फाउंडेशन) संतोष कुमार मिश्र रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि मनोज कुमार पटेल ने किया वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर अनिरुद्ध पटेल एवं विद्या शंकर पटेल उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का सफल संचालन ग्राम पंचायत के सचिव शिवेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा किया गया सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्र एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री पटेल एवं विशिष्ट अतिथियों में संविधान निर्माता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किये तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा कि हम लोग जो कार्य कर रहे हैं वह डॉक्टर अंबेडकर के बनाये हुए संविधान पर चल रहे हैं हम लोगों को उनके आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है देश का नागरिक भाई-भाई है छुआछूत जाति पाति से उठकर हम लोगों को कार्य करने की आवश्यकता है तथा भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं की भी जानकारी दी गई जन सुरक्षा अभियान के तहत प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा अटल पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और कहा गया कि बैंक से जुड़कर अधिक से अधिक लाभ लिया जा सकता कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री पटेल ने भी डॉक्टर अंबेडकर के मार्गदर्शन पर चलने का वचन दिया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रोजगार सहायक मनोज सिंह आशा कार्यकर्ता सरोज पटेल, सरोज देवी पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्यामवती पटेल सरस्वती पटेल प्रहलाद पटेल विवेक कुमार पटेल प्रदीप कुमार पटेल मटुकधारी कोल मनोज पटेल सुखचैन पटेल शहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत के सचिव शिवेंद्र कुमार द्विवेदी द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।



### भीमराव अंबेडकर के 135वी जयंती को नईगढ़ी में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया

बीजेपी के वरिष्ठ समाजसेवी रामाश्रय नामदेव के उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलित एवं बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण का कार्यक्रम आयोजित किया गया एवं वार्ड 10 की साफ सफाई की गई।।उक्त कार्यक्रम में बाबा साहब के कृतित्व का स्मरण कराया गया और उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया एवं उपस्थित जन समूह के बीच उद्बोधन समाजसेवी रामाश्रय नामदेव द्वारा किया गया तथा आभार बूथ अध्यक्ष राजीव नामदेव द्वारा व्यक्त किए गया।उक्त अवसर पर श्याम बाबू अग्रहरि, राजीव नामदेव ,रघुनंदन कोल,बैद्यनाथ साकेत ,रामप्रसाद साकेत, राम गरीब साकेत ,कमलेश, राजबहोर, सुरेश कोल, मनोज साकेत, परमधारी, विकास प्रजापति, रोहित आदिवासी,आकाश, राम सिया,संजू पटेल, शंकर , अमन नामदेव, छोटू लाल चिकवा, राम मिलन चिकवा,,गणेश गुप्ता शारदा नामदेव के साथ सैकड़ो की संख्या में जन समूह उपस्थित रहा।

# मऊगंज में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छात्रों ने निकाली रैली




**मऊगंज।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् मऊगंज के द्वारा शासकीय महाविद्यालय मऊगंज के बी.एस.डब्लू, एम.एस.डब्लू कोर्स के छात्रों के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत महाविद्यालय से कलेक्टर निवास तक रैली निकाली गई एवं जल संरक्षण एवं संवर्धन पर गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें विकास खंड समन्वयक मऊगंज अजय चतुर्वेदी द्वारा जल संरक्षण पर चर्चा की गई परामर्शदाता शिव शंकर श्रीवास्तव द्वारा अभियान के तहत किए जाने वाले कार्य छात्रों को बताएं गए नवांकुर संस्था से श्रीनिवास त्रिपाठी द्वारा जल है तो कल है पर नारा लिखने के लिए प्रेरित किया गया मोहन दुबे द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया श्रीमती साधना चैरासिया श्रीमती पूजा मिश्रा, रामरतन मिश्रा अनामिका त्रिपाठी दिव्या द्विवेदी पूजा मिश्रा कशीदा वानों विसाषा तिवारी मुस्कान राय रुक्मिणी साकेत कोमल तिवारी प्रांजल गुप्ता सुधा पाठक दिपाली दुबे दिक्षा गुप्ता रिंकी पंचवती कुशवाहा अनुपम यादव मंगलेश्वर यादव पूर्वांशी सहनाज अंसारी सचिन उपाध्याय गोल्डी मिश्रा सोनू साकेत आदि छात्रों का सहयोग रहा।

# नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर बेरोजगार युवक-युवतियों को बड़े-बडे सपने दिखाकर कई के साथ की लाखों ठगी




**पीड़ितों ने समान थाना में दर्ज कराई शिकायत**

**रीवा।** बेरोजगारी का आलम ये है कि नौकरी के लिए युवा ठगी का शिकार हो रहे हैं, जिले मे रोजगार की तलाश में भटक रहे सैकड़ों युवाओं के साथ धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। एक कथित नेटवर्किंग कंपनी ने नौकरी का सपना दिखाकर युवाओं से लाखों रुपये ऐंठ लिए। जब धोखाधड़ी का पर्दाफाश हुआ, तो सैकड़ों युवक-युवतियां थाना पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है, आरोप है कि स्मार्ट वेरी सुपर लिमिटेड नाम की एक प्राइवेट कंपनी ने ठगी का शिकार बनाया है वही आरोप है कि कंपनी के मुनिराज विश्वकर्मा, निर्मल कुमार सहित उनके अन्य साथियों ने मिलकर धोखाधड़ी की है। फिलहाल शिकायत के बाद समान पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि कंपनी का आफिस के लोग लगातार अपना ठिकाना बदलते है।मिली जानकारी अनुसार करीब 50 युवक और युवतियां अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत लेकर समान थाना पहुंचे और शिकायत की कि उन्हें नेटवर्क मार्केटिंग के नाम पर नौकरी और मंहगी कार जैसे सपने दिखाकर किसी 15 तो किसी से 16 हजार रुपए और किसी से 30 से 60 हजार रुपए तक की वसूली की गई। युवाओं का कहना है कि कंपनी ने हर महीने 7 से 10 हजार रुपए तक का वेतन देने का वादा किया था, लेकिन कुछ समय बाद ऑफिस बदलने के साथ ही कंपनी के लोग भी गायब होने लगे। शिकायत करने आई युवती मनीषा ने बताया कि पहले ऑफिस सिरमौर चौराहे के पास था, जिसके बाद न्यू बस स्टैंड के पास फिर उसे ज्ञानस्थली स्कूल और अब कॉलेज चौराहे के पास शिफ्ट किया गया। पीड़ित युवाओं के अनुसार, उन्हें जाल में फंसाने के बाद दूसरे लोगों को जोडऩे के लिए कहा गया और इस तरह चेन सिस्टम से ठगी का नेटवर्क फैलाया गया। फरियादियों का कहना है कि ये ठगी खासतौर पर ग्रामीण इलाकों से आए युवाओं को निशाना बनाकर की गई, जो आपसी परिचय के जरिए इस जाल में फंसे। अब न तो उन्हें नौकरी मिली और न ही जमा की गई रकम वापस मिल रही है। पीड़ितों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है और मांग की है कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर उनके पैसे वापस दिलवाए जाएं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### करोड़पति बनाने का सपना दिखाकर बनाया ठगी का शिकार

पीड़ित युवतियों ने बताया कि कंपनी द्वारा एसपीएस होटल में एक मीटिंग भी की गई थी जहां मीटिंग में बड़े-बड़े सपने दिखाए गए थे, जिसके बाद जॉइनिंग फीस के नाम पर अलग-अलग प्रकार से रकम ली गई, कुछ लोगों से ऑनलाइन पैसे दिए गए तो कुछ लोगों से नगद भी पैसे लिए गए, जिसके बाद करोड़पति बनने का सपना दिखाकर कंपनी में नए सदस्यों को जोड़ने के लिए कहा गया। आगे युवतियों ने बताया कि कुछ समय भी जाने के बाद बड़े-बड़े सपने दिखाने वाले ठगो द्वारा जिनसे जिनसे पैसा लिया गया था उनका फोन उठाना ही बंद कर दिया और नंबर ब्लैकलिस्ट कर दिया गया, जिसके बाद परेशान कई दर्जनों छात्राओं ने समान थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

### ठगों ने इन छात्रों को बनाया शिकार

कंपनी के हाथों कई छात्र ठगी र हैं। इनमें सुनीता का शिकार हुए हैं। इनमें प्रजापति, लक्ष्मी विश्वकर्मा, श्रेया पटेल, प्रीतू साकेत, पुष्पा प्रजापति, अनीता देवी, अर्चना सेन, अनामिका सेन, शाहरुख खान, ज्योति शुक्ला, प्रिया विश्वकर्मा, दुर्गेश चौधरी,प्रांजल साहू, प्रतिमा पटेल, अजीत सार्ककत, उर्मिला कोल, नेहा साकेत, मोहिनी सोधिया, ज्योति कुशवाहा, पूनम कुशवाहा, प्रियंका सौंधिया, शिवम कोल, रामधनी कुशवाहा, विवेक कुशवाहा सहित अन्य शामिल हैं।

### इनका कहना है

युवतियों की शिकायत को संज्ञान में लेकर पूरे मामले की जांच की जा रही है, जिसके बाद वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**विकास कपीस समान थाना प्रभारी रीवा**